कार्यालय उपखण्ड अधिकारी,नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं (राज0)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
पीठासीन अधिकारी श्री जय सिंह (आर.ए.एस.)

जीसीएमएस नं. 2025 / 384
मुकदमा नम्बर 116 / 2025 दर्ज दिनांक– 09.07.2025

(राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड हॉल्डर तहसीलदार नवलगढ, तहसील नवलगढ जिला झुझुंनू बनाम अमर सिंह वगै0)

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131,132 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

:: **आदेश** :: निर्णय दिनांक 17.07.2025

तहसीलदार नवलगढ ने अपने पत्रांक / राजस्व / 2025 / 89 दिनांक 07.07.2025 द्वारा रास्ता खोलो अभियान 2025 के तहत उक्त प्रा. पत्र इस न्यायालय में पेश किया है तथा उक्त रास्ते का प्रस्ताव सहमति का होने, लोकहीत निहीत होने, रास्तो का अंकन राजस्व रिकार्ड मे किये जाने, रास्ता प्रचलित / बारहमासी होने के कारण राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु पेश किया गया है।

रास्ते के प्रस्ताव के साथ मौका निरीक्षण रिपोर्ट जिसमे पटवारी हल्का ,भू.अ.निरीक्षक, नायब तहसीलदार मुकुन्दगढ के हस्ताक्षर है,ग्रामवासी मील नगर द्वारा प्रस्तुत प्रा. पत्र की प्रति,फर्द मौका रिपोर्ट 08.06.2025, प्रस्ताव पत्र की प्रति व नजरी नक्शा, जमाबन्दी की प्रति इत्यादी पेश की है। प्रस्ताव तहसीलदार नवलगढ द्वारा बाद आवश्यक जॉच एंव मय अभिशंषा पेश न्यायालय किया गया है।

लिहाजा तहसीलदार नवलगढ द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव आपसी सहमति का होने, पोषणीय होने से स्वीकार किया जाता है तथा राजस्व(ग्रुप–6) विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र कमांक 3(2) राज–6 / 2003 / पार्ट जयपुर दिनांक 10.08.2016 एवं जिला कलक्टर झुंझुनू के पत्र कमांक प12(40)राज / 2016 / 2486–201 दिनांक 26.08.2016 की पालना में तहसीलदार नवलगढ़ को आदेशित किया जाता है कि आप द्वारा भिजवाई गई रिपोर्ट / प्रस्ताव के अनुसार रास्तो का राजस्व अभिलेख में अंकन राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 131 एवं 132 तथा भू–राजस्व अभिलेख नियम 1957 के नियम 58,59,60,66,86 के प्रावधानों के अनुसार किया जावे। अतः आप द्वारा प्रस्तावित निम्न लिखित रास्तों का नामान्तरण तस्दीक कर राजस्व अभिलेख में लाल स्याही से अंकन करें तथा राजस्व नक्शें में तरमीम करें, एवं नक्शा, जमाबन्दी में रास्ते का नम्बर पृथक से अंकित किया जावे तथा रास्ते रकबे सहित किस्म गै.मु. रास्ता दर्ज

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़

किया जावे। **तहसीलदार नवलगढ द्वारा प्रस्तावित सूची व नक्शा ट्रेस उक्त आदेश का भाग होगा।**

क्रम. सं.	नाम पटवार मण्डल	ग्राम का नाम	खाता संख्या	तहसीलदार नवलगढ द्वारा रास्ते के उपयोग मे आने वाली भूमी का विवरण सूची मय खसरा नम्बर एवं नक्शा ट्रेस सहित
1	पबाना	मीलनगर	नया खाता संख्या क्रमशः 39,36,43,12,57,12	खसरा नं. क्रमशः 163/68,74,158/75,154/87,87, 151/58,961/88,156/75 तहसीलदार नवलगढ द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित रास्ते की सूची व नक्शा ट्रेस के मुताबिक

आदेश आज दिनांक 17.07.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय सुनाया गया।

(जयसिंह)
उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ